हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 20 मार्च 2026

04 'कुछ नहीं हो सकता' कि ग्रामीण मानसिकता...



07 गाजे-बाजे के साथ निकाली महर्षि गौतम की शोभायात्रा...





**स्वच्छता सर्वेक्षण में सागर को प्रथम रैंक में लाने के लिए स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया**

# सागर शहर में छोटी झील की सफाई कर जल गंगा संवर्धन अभियान के तीसरे चरण का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (गुड़ी पड़वा) के पावन दिन "जल गंगा संवर्धन अभियान" के तीसरे चरण का शुभारम्भ सागर शहर में करते हुए निगमायुक्त सह कार्यकारी निदेशक सागर स्मार्ट सिटी राजकुमार खत्री ने ऐतिहासिक लाखा बंजारा झील के भाग छोटी झील की सफाई की। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशानुरूप शासन के निर्देशानुसार आज 19 मार्च से 30 जून तक यानि करीब साढ़े तीन महीने तक चलने वाले इस राज्य स्तरीय अभियान अंतर्गत सागर शहर के सभी जल स्त्रोतों के जल को साफ स्वच्छ बनाकर इन्हें संरक्षित करने का प्रयास किया जायेगा।

निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने छोटी झील किनारे संजय ड्राइव रोड की ओर निर्माणधीन घाट पर जनप्रतिनिधियों, स्थानीय नागरिकों और नगर निगम की टीम के साथ सामूहिक सफाई अभियान चलाकर धुलाई सफाई का कार्य किया। उन्होंने सभी के साथ मिलकर छोटी झील से जलकुम्भी व कचरा बाहर निकाला। नगर निगम की फायर लारियों और जैटिंग प्रेसर मशीनों की मदद से घाट और छतरियों की धुलाई की गई। घाट पर निर्मित मंदिरों में विराजमान 12 ज्योतिर्लिंग शिवलिंगों पर जलाभिषेक किया गया व मंदिरो की धुलाई की गई।

निगमायुक्त ने कहा की जल, मिट्टी और वायु प्रदूषण सहित अन्य जो भी प्रदूषण हैं उन पर नागरिकों के महत्वपूर्ण सहयोग से हमें नियंत्रण पाते हुए सागर को नंबर-1 बनाना है। विभिन्न प्रदूषणो को कम कर नागरिकों की जीवन गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के निरंतर प्रयास निगम प्रशासन द्वारा किये जा रहे हैं। जल, वायु, मृदा व अन्य सभी प्रदूषणो पर नियंत्रण पाकर सागर को नंबर-1 बनाने में नागरिक अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं और सकारात्मक सहयोग प्रदान करें।

उन्होंने जल स्त्रोतों को साफ स्वच्छ रखकर जल संरक्षण में अपनी-अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प दिलाते हुए कहा की प्रत्येक नागरिक को यह संकल्प लेना चाहिए की वह सभी प्रकार के प्रदूषणो को अपने स्तर पर कम करने में अपना शतप्रतिशत देगा। उन्होंने कहा की पूजन विसर्जन सामग्री आदि पॉलीथिन में भरकर जल स्त्रोतों में न डालें। जल स्त्रोत के आसपास बने निर्मल कुंड में विसर्जन करें। घरों से निकलने वाला गीला-सूखा कचरा डोर टू डोर कचरा कलेक्शन वाहनों में ही दें। खाद्य सामग्री या पेकिंग के रेपर आदि सड़क पर न फेकें ये उड़कर या बहकर जल स्त्रोतों तक पहुंचकर जल प्रदूषित करते हैं, सड़क किनारे लगे डस्टबिनों का उपयोग करें। उन्होंने कहा की सभी सागरवासी भाग्यशाली हैं की पूर्वजों ने शहर के बीच लाखा बंजारा झील जैसा लगभग 400 एकड़ में फैला विशाल जल स्त्रोत हमें विरासत में दिया है। इस ऐतिहासिक विरासत को भविष्य के लिए संरक्षित रखना हम सब का नैतिक दायित्व है जिम्मेदारी है। लाखा बंजारा झील के आकर्षक कायाकल्प ने झील के अस्तित्व को भविष्य के लिए सुरक्षित बनाया है। छोटी झील में एकत्र जल को भी झील का कायाकल्प कर संरक्षित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा की तिली मार्ग व संजयड्राइव रोड की ओर लगे छोटी झील के किनारों पर लाल पत्थर से निर्मित रॉयल छतरीयों को स्थापित कर इसके स्वरूप को आकर्षक बनाया जा रहा है। छोटी झील किनारे बने ब्लैक स्पॉट को समाप्त कर नागरिकों हेतु आंनद स्थल के रूप में घाट विकसित किया गया है। इस घाट को आध्यात्मिक सांस्कृतिक ऊर्जा से परिपूर्ण बनाने के लिए 12 ज्योतिर्लिंग सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रतिमाओं की स्थपना की गई है।

निगमायुक्त ने छोटी झील किनारे नव निर्मित घाट पर जनप्रतिनिधियों, नागरिकों व सफाईमित्रों के साथ झाडू लगाकर व घाट की धुलाई कर स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण में सागर को प्रथम रैंक पर लाने हेतु स्वच्छता अभियान का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा की विगत स्वच्छता सर्वेक्षण में सभी सफाईमित्रों, नगर निगम की टीम और नागरिकों के सयुक्त प्रयासों से सागर ने 77वीं राष्ट्रीय रैंक से ऊपर उठकर 10वीं नेशनल रैंक प्राप्त की थी। इस बार स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में हमारा लक्ष्य 10वीं रैंक से ऊपर उठकर प्रथम स्थान हासिल करना है और आप सभी के इसी जुनून और जज्बे से हमारा सागर स्वच्छता में नंबर-1 अवश्य बनेगा। स्वच्छता में अव्वल बनने हेतु आवश्य लगभग सभी आयामों पर गहनता से कार्य किया जा रहा है। नागरिकों में भी सागर को अव्वल बनाने का जज्बा दिखाई दे रहा है ।

**खबर संक्षेप**

## भूविज्ञान विभाग के 16 छात्र सीएसआईआर–नेट 2025 में सफल

**सागर।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर अनुप्रयुक्त भूविज्ञान विभाग के 16 छात्रों ने सीएसआईआर–यूजीसी नेट दिसंबर 2025 परीक्षा में सफलता प्राप्त कर भारत में भूविज्ञान के एक प्रमुख केंद्र के रूप में अपनी प्रतिष्ठा को और मजबूत किया है। इनमें से 6 छात्रों, अनुरूपा मिश्रा, अभिश्रुति हांडिक, शाश्वत सिन्हा, आकाश चौबे, अंशकिता सेजलऔर रोहित वर्मा ने प्रतिष्ठित जूनियर रिसर्च फेलोशिप प्राप्त की। इसके अतिरिक्त, साक्षी पंजवानी और अनूप के. ने लेक्चरशिप के लिए योग्यता प्राप्त की। वहीं 8 अन्य छात्र, यश कुमार रजक, राकेश काले, निशांत सिन्हा, संस्कृति झा, अनंदु वीएस, हर्षवर्धन ठाकुर, हर्षित मिश्रा और अभिषेक दास पीएचडी श्रेणी में सफल रहे। यह उल्लेखनीय उपलब्धि विभाग और विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किए गए सशक्त शैक्षणिक वातावरण और समर्पित मार्गदर्शन को दर्शाती है। विभागाध्यक्ष संकाय सदस्यों तथा विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी सफल छात्रों को बधाई दी और कहा कि ऐसी उपलब्धियां संस्थान की शैक्षणिक उत्कृष्टता को रेखांकित करती हैं तथा भविष्य में छात्रों को प्रेरित करती रहेंगी।

## बुंदेलखंड कायस्थ समाज की बैठक संपन्न

**सागर।** बुंदेलखंड कायस्थ समाज के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की बैठक चित्रगुप्त मंदिर परकोटा में आयोजित की गई जिसमें 23 अप्रैल दिन गुरुवार को कायस्थ समाज के आराध्य देव प्रभु श्री चित्रगुप्त भगवान के प्राकट्योत्सव दिवस पर आयोजित की जाने वाली विशाल वाहन रैली के शुभारंभ एवं समापन के विषय में जानकारी दी गई, संदीप वर्मा ने बताया की वाहन रैली का शुभारंभ भैरव बाबा के मंदिर में श्री चित्रगुप्त भगवान की स्थापित मूर्ती की पूजा अर्चना कर किया जाएगा ।

## वैदिक अध्ययन विभाग के विद्यार्थियों का राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन



**सागर।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के वैदिक अध्ययन विभाग के विद्यार्थियों ने केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा आयोजित "इंडियन नॉलेज सिस्टम ओलंपियाड 2025" में राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में बी.ए. षष्ठ सेमेस्टर की छात्रा शिखा त्रिपाठी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक, एम.ए. (आईकेएस) चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा देशना जैन ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक तथा एम.ए. (आईकेएस) चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र चन्द्रभान ने तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक अर्जित किया, जिससे विश्वविद्यालय एवं विभाग का गौरव बढ़ा। इस उपलब्धि पर विभागाध्यक्ष प्रो. दिवाकर शुक्ला एवं सहायक आचार्य डॉ. आयुष गुप्ता तथा डॉ. शिवानी खरे ने सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित एवं उत्साहित किया।

## महिला पुलिसकर्मियों के साहस, समर्पण और उत्कृष्ट कार्यों को सम्मान मिला

**सागर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को पुलिस कंट्रोल रूम में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम एवं कार्यशाला का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। यह आयोजन पुलिस अधीक्षक सागर विकाश कुमार शाहवाल के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसमें महिला सशक्तिकरण एवं समाज में महिलाओं की भूमिका को केंद्र में रखकर विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश कुमार सिंहा, परिवीक्षा उप पुलिस अधीक्षक प्रतिमा जैन, सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी रीपा जैन (पॉक्सो एक्ट) सहित निरीक्षक से लेकर आरक्षक स्तर तक के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। साथ ही समाजसेवी संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी भी देखने को मिली।



## पानी में डूबने से युवक की मौत, कलेक्टर के निर्देश पर तत्काल सहायता दी गई

खुरई। कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देशन में जनपद पंचायत खुरई अंतर्गत ग्राम कोहा (ग्राम पंचायत खेजरा इज्जत) में हुई दुखद घटना के बाद प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतक के परिजनों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कोहा निवासी 37 वर्षीय विमल सौर (राजवंशी) की पानी में डूबने से आकस्मिक मृत्यु हो गई। इस घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन सक्रिय हुआ और मौके पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई। कलेक्टर के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत सचिव विपिन शर्मा द्वारा श्रम विभाग, मध्यप्रदेश की ई-संबल योजना के तहत मृतक के परिजनों को त्वरित राहत प्रदान की गई। योजना के अंतर्गत मृतक की पत्नी द्रोपती सौर को पांच हजार रुपये की अग्रिम सहायता राशि दी गई है। प्रशासन ने आश्वस्त किया है कि शासन के नियमानुसार अन्य देय सहायता भी शीघ्र उपलब्ध कराई जाएगी।

## क्षत्रिय समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन 20 अप्रैल को रुद्राक्षधाम सागर में होगा

**सागर।** क्षत्रिय महासभा जिला सागर द्वारा 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर्व पर रुद्राक्षधाम मंदिर प्रांगण में आयोजित क्षत्रिय समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन की 51 सदस्यीय आयोजन समिति गठित की गई है। सम्मेलन की तैयारियों के विषय में 21 मार्च की शाम 4 बजे होटल दीपाली के सभाकक्ष में आयोजन समिति की बैठक आयोजित की गई है। क्षत्रिय महासभा जिला सागर के अध्यक्ष लखन सिंह ने बताया है कि क्षत्रिय समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में समाज के आर्थिक रूप से कमजोर बीपीएल कार्डधारी परिवारों की ही बेटियों का विवाह समाज द्वारा किया जाएगा। इस सम्मेलन में विवाह करने वाली प्रत्येक बेटी को 51000 रु की नकद राशि तथा समाजजनों द्वारा दी जाने वाली विभिन्न प्रकार की उपहार सामग्री दी जाएगी। इस सम्मेलन में सभी के भोज, टेंट पंडाल आदि सभी व्यवस्थाएं निशुल्क की जाएंगी। जितनी अधिक राशि एवं खाद्यान्न आदि सामग्री समाज जनों के सहयोग एकत्रित होगी उसके अनुसार समाज की बेटियों का विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विवाह हेतु पंजीयन आवेदन क्षत्रिय महासभा के सागर (बामोरा) स्थित कार्यालय में जमा किए जाएंगे और पहले पंजीकृत होने वाले आवेदकों को सम्मेलन में विवाह हेतु प्राथमिकता से शामिल किया जाएगा। महासभा के अध्यक्ष लखन सिंह ने जानकारी दी कि गत 17 मार्च को ठाकुर बाबा मंदिर जरुआखेड़ा प्रांगण में आयोजित क्षत्रिय महासभा के मिलन समारोह में वरिष्ठ संरक्षक, पूर्व गृहमंत्री खुरई विधायक श्री भूपेन्द्र सिंह के प्रस्ताव पर क्षत्रिय महासभा जिला सागर द्वारा समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया था। बैठप्रस्ताव पर सहमति के आधे घंटे के भीतर इस पुण्य कार्य हेतु क्षत्रिय समाज जनों द्वारा 21लाख की राशि तथा बड़ी मात्रा में खाद्यान्न व अन्य सामग्री देने की घोषणा की गई थी। उन्होंने आग्रह किया कि इस कन्यादान महादान के सम्मेलन में सभी समाज जन अपनी क्षमता अनुसार सहयोग दें व सभी स्वजातीय बंधुओं को इसके लिए प्रेरित करें।




## रहली: संकरी गलियों की सुरक्षा के लिए नपा ने खरीदा छोटा फायर वाहन

**रहली।** नगर की घनी आबादी और संकरी गलियों में आगजनी की घटनाओं पर काबू पाने के लिए रहली नगरपालिका ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। गुरुवार को नगरपालिका परिसर में नए छोटे फायर वाहन का विधि-विधान से पूजन कर लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के दौरान नगरपालिका अध्यक्ष देवराज सोनी ने नए वाहन का पूजन किया। इसके पश्चात उन्होंने स्वयं स्टीयरिंग संभाली और वाहन का टेस्ट ड्राइव लेकर इसकी कार्यक्षमता को परखा। इस अवसर पर उपस्थित पार्षदों ने हरी झंडी दिखाकर वाहन को नगर सेवा के लिए रवाना किया। सफाई दरोगा महेश ठाकुर ने बताया कि अब तक नगर में केवल बड़ा फायर वाहन उपलब्ध था, जिसे नगर की तंग और संकरी गलियों में ले जाना बेहद चुनौतीपूर्ण होता था। कई बार आग लगने की सूचना मिलने पर भी बड़ा वाहन मौके तक नहीं पहुंच पाता था, जिससे जन-धन की हानि का डर बना रहता था। इसी असुविधा को देखते हुए परिषद द्वारा इस छोटे फायर वाहन की खरीदी की गई है, जो कम जगह में भी आसानी से मुड़ सकेगा और तेजी से घटनास्थल तक पहुँचेगा। इस गरिमामय अवसर पर पार्षद अमित नायक, राजेंद्र ठाकुर, भगवानदास अहिरवार सहित सफाई दरोगा महेश ठाकुर, और नगरपालिका के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।


































## कलेक्टर की दूरदर्शिता से शुरू हुआ भूमिगत ड्रेनेज प्रणाली रूप में बदलाव

# 'कुछ नहीं हो सकता' कि ग्रामीण मानसिकता को बदल रही है ड्रेनेज प्रणाली पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

प्रशासनिक उदासीनता, लापरवाही और राजनैतिक अनदेखी के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत ग्रामीणजनों की अक्सर यह धारणा रही है कि ग्रामीण क्षेत्रो में कुछ नहीं हो सकता। लोगो की मानसिकता बन चुकी थी कि गांवों का जीवन स्तर सीमित संसाधनों के कारण बहुत ज्यादा नहीं बदल सकता। कई लोग मानते थे कि व्यवस्थित सड़के, मकान व आधुनिक सुविधाएं और बेहतर स्वच्छता का माहौल केवल शहरों तक ही सीमित रहता हैं। लेकिन जिले में कलेक्टर रूप में प्रभार लेने बाले विवेक श्रोत्रिय ने जिले के ग्रामीण क्षेत्रो में शुरु की गईं पहल ने इस सोच को बदलने का काम शुरू कर दिया है। कलेक्टर श्रोत्रिय की दूरदर्शी सोच और जिला पंचायत सीईओ नवीत धुर्वे के सतत मार्गदर्शन में जिले के ग्रामीण क्षेत्रो में भूमिगत ड्रेनेज प्रणाली को स्वच्छता के प्रभावी मॉडल के रूप में विकसित किया जा रहा है। यह पहल केवल गंदे पानी की निकासी का समाधान नहीं है, बल्कि ग्रामीणों को यह विश्वास दिलाने का प्रयास भी है कि यदि सही योजना और सामूहिक प्रयास हों तो गांव भी आधुनिक, व्यवस्थित और स्वच्छ बन सकते हैं।

### ग्रामीण क्षेत्रो की बदसूरत व अस्वच्छ रूप को बदलने के लिये लिया संकल्प

ग्रामीण क्षेत्रों की पहचान खुले नालों, सड़को पर दलदल, गंदगी, बीमारी आदि से होती थी। जहाँ अव्यवस्थित तरीके से विकास कार्य होते थे। गाद, प्लास्टिक और कचरे के कारण नालियां अक्सर जाम हो जाती थीं, जिससे गांवों में गंदगी और दुर्गंध का माहौल बन जाता था। ग्रामीण क्षेत्र के उक्त कुरूप तस्वीर रूपी समस्या को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्रोत्रिय के निर्देशन में जिला प्रशासन ने पारंपरिक खुले नालों के स्थान पर भूमिगत जल निकासी व्यवस्था को बढ़ावा देने का निर्णय लिया। कलेक्टर श्रोत्रिय के मार्गदर्शन में पंचायतों को तकनीकी सहायता प्रदान की गई और 15वें वित्त आयोग सहित अन्य पंचायत निधियों का उपयोग कर इस नवाचार को धरातल पर उतारा गया।



### धरातल पर उतारकर सिद्ध किया....

जिले के ग्रामीण क्षेत्र में शुरू हुई यह पहल केवल एक तकनीकी परियोजना नहीं बल्कि गांवों की सोच बदलने का अभियान बनती जा रही है। जहां पहले ग्रामीण यह मानते थे कि गांवों का जीवन हमेशा समस्याओं से घिरा रहेगा, वहीं अब व्यवस्थित प्रयासों से कायम की गईं सफाई के चलते सड़क भी अब आँगन की तरह दिखने लगी है। स्वच्छ और व्यवस्थित गांव देखकर लोगों में यह विश्वास पैदा हो रहा है कि सही नेतृत्व, प्रशासनिक मेहनत और जनभागीदारी से ग्रामीण भारत भी तेजी से बदल सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में परंपरागत खुले नालों की व्यवस्था कई समस्याओं को जन्म देती रही है। नालियों में गाद और कचरा जमा होने से जल निकासी बाधित होती है, पॉलीथिन और ठोस कचरे के कारण नालियां जल्दी जाम हो जाती हैं, खुले नालों से दुर्गंध और गंदगी फैलती है, मनुष्य और पशुओं के लिए दुर्घटनाओं का खतरा रहता है, संकरी गलियों और ढलान वाली सड़कों में खुली नालियों का निर्माण कठिन होता है। इन समस्याओं को ध्यान में रखते हुए भूमिगत जल निकासी प्रणाली को एक बेहतर और स्थायी समाधान के रूप में विकसित किया गया है। टीकमगढ़ जिले में शुरू हुआ यह प्रयास केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास और सामाजिक मानसिकता में बदलाव का अभियान बनता जा रहा है। कलेक्टर श्रोत्रिय और जिला पंचायत सीईओ धुर्वे के नेतृत्व में चल रही उक्त पहल यह दर्शा रही है कि यदि प्रशासनिक दूरदर्शिता और जनभागीदारी साथ आए तो गांव भी स्वच्छ, व्यवस्थित और आधुनिक बन सकते हैं। जिससे सामाजिक रूप से यह मानसिकता भी बदल सकती है कि ग्रामीण क्षेत्र का कुछ नहीं हक सकता।

### क्या है अंडरग्राउंड ग्रे वाटर प्रबंधन

स्माल बोर पाइप सिस्टम एक चैम्बर आधारित भूमिगत जल निकासी व्यवस्था है। इसमें घरों से निकलने वाला गंदा पानी पाइपलाइन के माध्यम से जमीन के नीचे प्रवाहित किया जाता है। हर घर या समूह के लिए छोटे-छोटे चैम्बर बनाए जाते हैं। इन चैम्बरों की नियमित सफाई समुदाय द्वारा की जाती है। इस व्यवस्था से पंचायतों पर नालियों की सफाई का बोझ कम होता है। संकरी गलियों में भी इस प्रणाली को आसानी से विकसित किया जा सकता है। यह प्रणाली ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रे-वॉटर प्रबंधन का प्रभावी मॉडल बनकर उभर रही है।



### जिले के ग्रामीण क्षेत्र में की जा रही पहल की अब तक हासिल मुख्य उपलब्धियां

उक्त अभियान के चलते अब तक हासिल की गईं मुख्य उपलब्धियो में 152 ग्राम पंचायतों में प्रभावी ग्रे-वॉटर प्रबंधन होना, 30 हजार 226 मीटर भूमिगत ड्रेनेज लाइन विकसित होना, 512 जलभराव स्थलों का समाधान होना, 6 हजार 200 परिवारों को सीधा लाभ होना, लगभग 18 हजार 250 ग्रामीण लाभान्वित होना शामिल है। इसके अलावा इस पहल से जिले के कई गांवों में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। कई गांव अब विजुअली क्लीन विलेज की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। दुर्गंध और गंदगी में कमी आई है। जलभराव की समस्या में उल्लेखनीय कमी हुई है। ग्रामीणों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ी है। साथ ही लोगों में यह विश्वास मजबूत हुआ है कि गांवों में भी आधुनिक और स्वच्छ जीवन संभव है। **अभियान को व्यापक रूप देने में जिला पंचायत के आगामी संकल्प** जिला पंचायत द्वारा इस अभियान को व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण संकल्प लिए गए हैं। जिसमें जिले की सभी 324 ग्राम पंचायतों में भूमिगत ड्रेनेज विकसित करने का लक्ष्य, पुराने खुले नालों को ढंकने की योजना, जल निकासी के अंतिम बिंदु पर थ्री-स्टेज फिल्टर सिस्टम विकसित करना, पंचायतों को लगातार तकनीकी मार्गदर्शन और प्रशिक्षण देना, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के लिए प्लास्टिक बैंक स्थापित करना, ग्रामीण और शहरी निकायों के बीच समन्वय स्थापित करना आदि उद्देश्य शामिल है।

### अंडर ग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम के लाभ

खुले नालों के कारण होने वाली दुर्घटनाएं कम होती हैं। गंदगी और दुर्गंध से राहत मिलती है। नालियों की बार-बार सफाई पर होने वाला खर्च कम होता है। संकरी गलियों में भी जल निकासी व्यवस्था संभव हो पाती है। अंडर ग्राउंड ड्रेनेज प्रणाली के चलते गांवों में स्वच्छ वातावरण का निर्माण, गंदे पानी का प्रभावी प्रबंधन, स्वास्थ्य मानकों में सुधार, सामुदायिक भागीदारी में वृद्धि के साथ साथ स्वच्छ और व्यवस्थित गांव की दिशा में यह बड़ा कदम सिद्ध हो रहा है।

### नई दिशा देगा...

टीकमगढ़ जिले की यह पहल भारत में ग्रामीण ग्रे-वॉटर प्रबंधन के क्षेत्र में एक नई दिशा प्रस्तुत करती है, जहां पहली बार बड़े पैमाने पर भूमिगत ड्रेनेज प्रणाली अपनाई गई है। यह मॉडल खुले नालों की समस्याओं जैसे जलभराव, गंदगी और दुर्गंध को प्रभावी रूप से समाप्त करता है। इसके परिणामस्वरूप गांवों में दृश्य स्वच्छता, बेहतर स्वास्थ्य और सम्मानजनक जीवन परिवेश सुनिश्चित हुआ है।

**विवेक श्रोत्रिय**, कलेक्टर टीकमगढ़

---

#### त्योहारों से पहले एसपी ने किए सुरक्षा के कड़े इंतजाम

## नवरात्रि, ईद व रामनवमी को शांतिपूर्ण मनाने पुलिस अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



आगामी नवरात्रि, ईद, रामनवमी एवं अन्य प्रमुख त्योहारों को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिँह मंडलोई के निर्देशन में जिला पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गई है। पुलिस मुख्यालय स्तर से जारी दिशा-निर्देशों के बाद जिले में सुरक्षा व्यवस्था को अभूतपूर्व रूप से मजबूत किया गया है। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के निर्देश पर सभी जिलों में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने और सोशल मीडिया पर भ्रामक व आपत्तिजनक गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसी कड़ी में सागर जोन की आईजी डॉ. हिमानी खन्ना और डीआईजी विजय खत्री के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने जिलेभर में व्यापक सुरक्षा प्लान लागू किया है। जिले के सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार गश्त, सतर्क निगरानी और धार्मिक स्थलों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो। जिला पुलिस ने सोशल मीडिया को लेकर भी सख्त रुख अपनाया है। साइबर सेल द्वारा विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर 247 निगरानी रखी जा रही है। प्रत्येक थाने में सोशल मीडिया मॉनिटरिंग डेस्क स्थापित की गई है, जहां से भड़काऊ, भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट्स पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने साफ किया है कि अफवाह फैलाने या माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शहर के प्रमुख चौराहों, बाजारों और संवेदनशील क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों के जरिए लगातार निगरानी की जा रही है। कंट्रोल रूम से हर गतिविधि पर रियल-टाइम नजर रखी जा रही है, जिससे किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत प्रतिक्रिया दी जा सके। शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में सघन पुलिस पेट्रोलिंग शुरू कर दी गई है। पुलिस वाहन लगातार भ्रमण कर रहे हैं और संदिग्ध व्यक्तियों व गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। इसके साथ ही संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले स्थानों को चिन्हित कर फिक्स पॉइंट पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए क्विक रिस्पॉन्स टीम को भी सक्रिय रखा गया है। सभी प्रमुख मंदिरों, मस्जिदों और धार्मिक स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। जुलूस, मेलों और धार्मिक आयोजनों के दौरान भी विशेष सुरक्षा व्यवस्था लागू रहेगी, जिससे श्रद्धालु निर्भय होकर अपने पर्व मना सकें।जिला पुलिस ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि अफवाहों पर ध्यान न दें, सोशल मीडिया पर भड़काऊ सामग्री साझा न करें, किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### ईद के त्योहार को लेकर की गई व्यापक तैयारियां

**टीकमगढ़।** आगामी ईद पर्व को लेकर क्षेत्र के ईदगाह में तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। ईद से पहले ही ईदगाह परिसर को व्यवस्थित और आकर्षक बनाने के लिए साफ सफाई एवं रंगाई-पुताई का कार्य युद्धस्तर पर किया गया है। पूरे परिसर को इस तरह सजाया जा रहा है कि नमाज के दौरान श्रद्धालुओं को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित वातावरण मिल सके। ईदगाह कमेटी द्वारा इस बार व्यवस्थाओं को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। कमेटी अध्यक्ष डॉ. शरीफ खान ने बताया कि नमाजियों की सुविधा सर्वोपरि है, इसी को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक इंतजाम किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है, ताकि गर्मी के मौसम में नमाजियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। ईदगाह परिसर में बड़े पंडाल लगाए जा रहे हैं, जिससे तेज धूप या मौसम में अचानक बदलाव की स्थिति में भी नमाजियों को राहत मिल सके। इसके अलावा बुजुर्गों और विशेष जरूरत वाले लोगों के लिए अलग से बैठने की व्यवस्था की जा रही है, जिससे वे आराम से नमाज अदा कर सकें। भीड़ प्रबंधन को लेकर भी कमेटी विशेष रूप से सजग है। ईद के दिन बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए प्रवेश और निकास मार्ग को सुव्यवस्थित किया जा रहा है।

---

#### गुड़ी पड़वा व चैत्र नवरात्रि पर मंदिरों में उमड़ी भीड़, प्रभातफेरी व दीपोत्सव से शहर हुआ भक्तिमय

## नगर में गूंजा जय माता दी और जय श्रीराम का जयघोष, श्रद्धा-उत्साह से मना हिंदू नववर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



गुरुवार को चैत्र नवरात्रि के पहले दिन हिंदू नववर्ष और गुड़ी पड़वा का पर्व श्रद्धा, उल्लास और धार्मिक आस्था के साथ मनाया गया। सुबह से ही शहर के मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी, वहीं धार्मिक आयोजनों और प्रभातफेरियों ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। श्रीराम जन्मोत्सव परिवार द्वारा शहर में भव्य प्रभातफेरी निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। प्रभातफेरी के दौरान भगवान श्रीराम के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। इस दौरान कांग्रेस के जिला महासचिव संजय नायक ने श्रीराम रथ की आरती कर पूजा-अर्चना की और शहरवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। हिंदू नववर्ष उत्सव समिति द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों पर तिलक लगाकर लोगों का स्वागत किया गया और नवसंवत्सर की शुभकामनाएं दी गईं। लोगों ने भी उत्साहपूर्वक एक-दूसरे को नए साल की बधाई दी। नवरात्रि के शुभारंभ पर महिलाओं ने घरों में विधि-विधान से कलश स्थापना कर देवी मां की पूजा-अर्चना की। कई श्रद्धालुओं ने नौ दिनों तक चलने वाले नवरात्रि व्रत भी शुरू किए। शहर के छोटी देवी मंदिर में सुबह से ही महिलाओं की भारी भीड़ देखने को मिली, जहां श्रद्धालु माता रानी को जल अर्पित करने पहुंचे। यहां नौ दिवसीय मेले की भी शुरुआत हो गई है, जिससे क्षेत्र में उत्सव का माहौल और अधिक जीवंत हो उठा है। जिले के प्रसिद्ध बगाज माता मंदिर और विंध्यवासिनी देवी मंदिर में भी दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। भक्तों ने माता रानी के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। पंडित सुरेंद्र मोहन द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा का विशेष महत्व है, जबकि दूसरे दिन माता ब्रह्मचारिणी की आराधना की जाएगी। नौ दिनों तक देवी मां के विभिन्न स्वरूपों की पूजा की जाएगी। नवरात्रि के शुभ अवसर पर प्राचीन नजर बाग मंदिर में 1100 दीपकों से भव्य दीपोत्सव मनाया गया। उल्लेखनीय है कि विगत 12 मार्च से ही शहर में श्रीराम नवमी के उपलक्ष्य में प्रतिदिन प्रभातफेरी निकाली जा रही है। गुरुवार को भी नगर भ्रमण के दौरान श्रीराम जन्मोत्सव परिवार के सदस्यों ने लोगों को हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।

---

## मनरेगा में पारदर्शिता पर सख्ती, 7 दिन में एटीआर दर्ज करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जिला पंचायत सभागार में प्रभारी कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी नवीत कुमार धुर्वे की अध्यक्षता में स्टेंडिंग कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मनरेगा योजना एवं अन्य योजनाओं के वर्ष 2025-26 के सामाजिक अंकेक्षण की गहन समीक्षा की गई। बैठक में जिला समन्वयक द्वारा सामाजिक अंकेक्षण से जुड़े मुद्दों और उनकी विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई, जिस पर प्रभारी कलेक्टर धुर्वे ने गंभीरता से चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रभारी कलेक्टर धुर्वे ने सभी एपीओ मनरेगा को निर्देशित किया कि सामाजिक अंकेक्षण में सामने आए मुद्दों पर जनसुनवाई पैनल द्वारा दिए गए निर्णयों के अनुसार 7 दिवस के भीतर एटीआर एक्शन टेकन रिपोर्ट अनिवार्य रूप से दर्ज करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में वर्ष 2026-27 के आगामी सामाजिक अंकेक्षण के लिए ग्राम सभाओं की जियोटेगिंग को लेकर भी विस्तार से समीक्षा की गई। प्रभारी कलेक्टर धुर्वे ने पंचायत निर्णय एप के माध्यम से सभी ग्राम सभाओं को जियोटेग करने के निर्देश दिए और पिछले वर्ष की प्रगति की जानकारी भी ली। प्रभारी कलेक्टर धुर्वे एवं स्टेंडिंग कमेटी के सदस्यों ने सभी बीसी और व्हीएसए को सामाजिक अंकेक्षण के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक के अंत में जिला समन्वयक सामाजिक अंकेक्षण द्वारा सभी व्हीएसए को पंचायत निर्णय एप में जियोटेगिंग का प्रशिक्षण भी दिया गया। प्रभारी कलेक्टर ने बताया कि इस पहल से योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन गंभीर है।

---

### पराली जलाने पर सख्त रोक जुर्माना व कानूनी कार्रवाई तय

**टीकमगढ़।** जिले में फसल कटाई के बाद खेतों में नरबाई पराली जलाने की बढ़ती घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासन ने कड़ा कदम उठाया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के तहत अब जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा में पराली जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। आदेश का उल्लंघन करने वाले किसानों पर आर्थिक दंड के साथ सख्त कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अब पराली जलाने पर जमीन के रकबे के अनुसार जुर्माना तय किया गया है। इसके तहत 2 एकड़ भूमि तक 2500 रूपये, 2 से 5 एकड़ तक 5000 और 5 एकड़ से अधिक पर 15,000 रूपये तक का जुर्माना वसूला जाएगा। यह आदेश 17 मार्च से प्रभावी हो गया है। कलेक्टर द्वारा जारी निर्देश में बताया गया है कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत यह प्रतिबंध लागू किया गया है। साथ ही आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 सहित अन्य धाराओं में भी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने पराली जलाने के नुकसान को गंभीर बताते हुए कहा कि इस प्रथा से वायु प्रदूषण तेजी से बढ़ता है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। इसके अलावा खेतों की मिट्टी की उर्वरा शक्ति घटती है और उसमें मौजूद लाभकारी सूक्ष्म जीव नष्ट हो जाते हैं, जिससे फसल उत्पादन पर भी नकारात्मक असर पड़ता है। खेतों में लगाई गई आग कई बार अनियंत्रित होकर बड़े हादसों का रूप ले लेती है। इससे न केवल किसानों की फसल और संपत्ति को नुकसान होता है, बल्कि आसपास की वनस्पति और जीव जंतुओं के लिए भी खतरा पैदा हो जाता है।

---

#### लाखों का मशरूका बरामद, तकनीकी विश्लेषण व मुखबिर तंत्र के दम पर मिली बड़ी कामयाबी

## मंदिरों में घंटा-मुकुट चोरी का खुलासा, अंतरराज्यीय गैंग का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में धार्मिक स्थलों को निशाना बनाकर की जा रही चोरी की घटनाओं का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए एक अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। यह कार्रवाई न केवल एक बड़ी आपराधिक श्रृंखला को तोड़ने में कामयाब रही, बल्कि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। मामला 14 नवंबर 2025 का है, जब बम्होरिकलां निवासी राजेश कुमार पाठक ने अपने खेत पर स्थित हनुमान मंदिर से 14 पीतल के घण्टे और चांदी का मुकुट चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसी प्रकार जतारा क्षेत्र में भी मंदिर से पीतल के घण्टे चोरी होने की घटना सामने आई थी। इन घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने सुनियोजित तरीके से जांच प्रारंभ की।

### सुनियोजित रणनीति से मिली सफलता

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम कुशवाह एवं एसडीओपी अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने परंपरागत जांच के साथ-साथ आधुनिक तकनीकी संसाधनों और मुखबिर तंत्र का प्रभावी उपयोग किया। लगातार निगरानी और विश्लेषण के बाद पुलिस ने सटीक सूचना के आधार पर दबिश देकर झांसी उत्तरप्रदेश के मऊरानीपुर क्षेत्र से तीन आरोपियों इसराज उर्फ अप्पा, अरवाज उर्फ जिन्नात और करण उर्फ कमलेश को गिरफ्तार कर लिया।



### गिरफ्त में आने के बाद आरोपियों ने किया पूरी साजिश का खुलासा

गिरफ्तार होने के बाद पुलिसिया अंदाज में की गईं पूछताछ में आरोपियों ने मंदिरों में चोरी की घटनाओं को स्वीकार किया। उनके कब्जे से 14 पीतल के घण्टे, चांदी का मुकुट, वारदात में उपयोग की गईं मोटरसाइकिल व स्कूटी, लोहे का कटर और अन्य उपकरण समेत कुल लगभग 1 लाख 72 हजार रुपए का माल बरामद किया गया। इस तरह पुलिस ने न केवल आरोपियों को पकड़ा, बल्कि चोरी गए धार्मिक सामग्री को भी सुरक्षित वापस लाने में सफलता हासिल की।



### भविष्य में सुरक्षा को लेकर बनाई रणनीति

इस कार्रवाई के बाद पुलिस ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को लेकर और अधिक सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में स्थित मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के प्रयास भी तेज किए जा रहे हैं। उक्त कार्रवाई दर्शा रही है कि अब पुलिस न केवल घटनाओं के बाद कार्रवाई कर रही है, बल्कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए भी सक्रिय रणनीति पर काम कर रही है।


### सुनियोजित रणनीति और टीम वर्क के दम पर पकड़ा गिरोह

इस पूरे ऑपरेशन में थाना प्रभारी नीतू खटीक सहित पुलिस टीम के कई अधिकारियों और कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक मंडलोई द्वारा उक्त पुलिस टीम को नगद इनाम देने की घोषणा भी की गई है, जिससे पुलिस बल का मनोबल बढ़ा है। यह पूरा मामला दर्शाता है कि सुनियोजित रणनीति, तकनीकी जांच और टीम वर्क के दम पर पुलिस ने एक संगठित गिरोह को पकड़कर बड़ी सफलता हासिल की है। इससे न केवल आमजन का भरोसा मजबूत हुआ है, बल्कि धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को लेकर भी एक सकारात्मक संदेश गया है।

### सुप्रीम कोर्ट ने लगाई हाईकोर्ट के फैसले पर रोक, 23 जुलाई को सुनवाई

# फिलहाल मुकेश मल्होत्रा ही रहेंगे विजयपुर विधायक, रावत को झटका

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर





विजयपुर के पूर्व विधायक रामनिवास रावत वर्सेज मुकेश मल्होत्रा के बीच चल रहे मामले में गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट द्वारा दिए गए फैसले पर रोक लगाते हुए पूर्व मंत्री रामनिवास रावत को झटका देते हुए मुकेश मल्होत्रा को ही विधायक बनाए रखने के आदेश जारी कर दिए हैं। ज्ञात हो कि हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ ने इस मामले में फैसला देते हुए मुकेश मल्होत्रा की विधायकी शून्य घोषित करते हुए रामनिवास रावत को विधायक निर्वाचित कर दिया था।

भाजपा प्रत्याशी के रूप में विजयपुर विधानसभा उपचुनाव लड़े पूर्व मंत्री रामनिवास रावत को कांग्रेस प्रत्याशी के हाथों हार झेलनी पड़ी थी। इस मामले को रामनिवास सहित चुनाव लड़े 10 प्रत्याशियों ने मुकेश मल्होत्रा पर आपराधिक प्रकरण छुपाकर चुनाव लड़ने का आरोप लगाते हुए हाईकोर्ट में उनके चुनाव को चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने सभी पक्षों की सुनवाई के बाद विधायक मुकेश मल्होत्रा के चुनाव को शून्य घोषित करते हुए रामनिवास रावत को विधायक घोषित किया। हालांकि मुकेश मल्होत्रा के वकील द्वारा अनुरोध करने पर रामनिवास रावत को 15 दिनों तक विधायक का प्रमाण पत्र निर्वाचन रिटर्निंग अधिकारी से लेने पर रोक लगाते हुए मुकेश मल्होत्रा को सुप्रीम कोर्ट में अपील करने का मौका दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने पहली सुनवाई में ही रामनिवास रावत के स्थान पर फैसला आने तक मुकेश मल्होत्रा को ही विधायक बने रहने के आदेश जारी कर दिए। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अगली तारीख 23 जुलाई लगाई है।

#### लाभ के पद से वंचित रहेंगे विधायक

खास बात यह भी है, कि सुप्रीम कोर्ट ने मुकेश मल्होत्रा को यह राहत कई प्रतिबंधों के साथ दी है। मुकेश मल्होत्रा विधायक तो कहलाएंगे पर लाभ के पद से वंचित रहेंगे। वह अपनी विधायक निधि खर्च नहीं कर सकेंगे उन्हें विधानसभा से मिलने वाला वेतन भी नहीं मिलेगा और वह होने वाले राज्यसभा सांसद के लिए चुनाव में वोट तक नहीं डाल पाएंगे, यह निर्णय कांग्रेस के लिए बड़ा झटका है क्योंकि मध्यप्रदेश से कांग्रेस संख्या बल के हिसाब से कम से कम एक सदस्य राज्य सभा में भेजा जाना जरूरी है लेकिन भाजपा ने जिस तरह बिहार में खेला किया है उससे मध्यप्रदेश में एक एक विधायक जरूरी हो गया है।

#### सुप्रीम कोर्ट तक क्यों पहुंचा मामला?

विजयपुर उप चुनाव में मुकेश मल्होत्रा ने जो नामांकन भरा था उसमें खुद पर दर्ज सभी अपराधों का उल्लेख नहीं किया गया था। भारत निर्वाचन आयोग ने नियम बना दिया है कि चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी को अपना आपराधिक रिकॉर्ड न सिर्फ फार्म में भरना चाहिए बल्कि उसे कम से कम दो अख़बारों में प्रकाशित भी कराना चाहिए लेकिन मुकेश मल्होत्रा ने कुछ अपराध सार्वजनिक नहीं किए जिन्हें रामनिवास रावत सहित चुनाव लड़े 10 प्रत्याशियों ने कोर्ट में चुनौती दी थी। इस मामले में मुकेश मल्होत्रा का कहना था कि उसने उन अपराधों को नामांकन फार्म में नहीं भरा था जिनमें वो अदालत से बरी हो चुके थे लेकिन हाईकोर्ट ने उनकी इस दलील को अस्वीकार करते हुए अपराध छिपाकर चुनाव लड़ने का दोषी मानकर उनके द्वारा जीते गए चुनाव को शून्य घोषित करते हुए चुनाव में दूसरे नंबर पर रहे पूर्व मंत्री रामनिवास रावत को विधायक घोषित कर दिया था।

#### इनका कहना...

न्याय की जीत हुई है। मैं न्यायालय के इस आदेश का सम्मान करता हूं विधानसभा में अपने क्षेत्र के मतदाताओं की आवाज उठाता रहूंगा यही मेरे लिए बड़ी बात है आगे भी फैसला मेरे ही पक्ष में आएगा ऐसी मुझे उम्मीद है।

**मुकेश मल्होत्रा**
विधायक विजयपुर

न्यायालय का फैसला स्वीकार है अभी भी पूरा फैसला नहीं आया है। आगे सुनवाई जारी है हम अपने तथ्य न्यायालय के सामने रखेंगे। अपराध छुपा कर जो चुनाव लड़ा गया है उस पर फैसला मेरे पक्ष में ही आएगा ऐसी मुझे उम्मीद है।

**रामनिवास रावत**
पूर्व मंत्री एवं याचिकाकर्ता

### हिंदू नव वर्ष का लोगों ने अपने-अपने अंदाज में किया स्वागत, हुए कई कार्यक्रम

# घट स्थापना के साथ चैत्र नवरात्रा प्रारंभ, शक्ति की भक्ति में डूबे भक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर गुरूवार को मंदिरों व घरों में विधि-विधान से घट स्थापना की गई। इसके साथ ही शक्ति की भक्ति का नवरात्र पर्व शुरू हो गया और श्रद्धालु शक्ति की भक्ति में लीन हो गए है। मंदिरों में श्रद्धालुओं की विशेष चहल-पहल के बीच कहीं रामचरित मानस की चौपाइयां तो कहीं दुर्गा सप्तशती पाठ के आयोजन से समूचा माहौल धर्ममय हो गया है। इसके साथही गुरूवार से हिंदू नव वर्ष आरंभ हो गया है। जिसका स्वागत लोगो ने अपने अपने अंदाज में किया और इस अवसर पर शहर सहित जिलेभर कई कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

गुरूवार को नवरात्र पर्व के पहले दिन सुबह से ही देवी मंदिरों पर श्रद्धालुओं ने पहुंचना शुरू कर दिया। शहर के हजारेश्वर उद्यान स्थित दुर्गामाता मंदिर, सुबात कचहरी स्थित राजराजेश्वरी आनंदी



माता मंदिर पर देवी प्रतिमा को नई पोशाक धारण कराकर सोना-चांदी के आभूषणों से श्रृंगारित किया गया। इन मंदिरों में दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। वहीं शहर के विभिन्न मंदिरों में अखंड रामायण पाठ के आयोजन प्रारंभ किए गए। इसके अलावा दुर्गापुरी स्थित दुर्गामाता मंदिर पर दोपहर 12 बजे अभिजित मुहूर्त में घट स्थापना की गई। इधर जाटखेड़ा माता मंदिर, बड़ौदा की बीजासन माता, कराहल स्थित पनवाड़ा माता मंदिर, पानड़ी के देवी मंदिर पर दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी

#### हिंदू नव वर्ष के स्वागत में आयोजित हुए कार्यकम

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर गुरूवार को विक्रम नवसंवत्सर 2083 शुरू हो गया है। शहर में हिंदू नव वर्ष के स्वागत में हिंदू संगठन एवं सामाजिक संगठनों द्वारा भिन्न-भिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। लोगों द्वारा नव वर्ष की अगवानी के लिए घरों भी केसरिया ध्वज लगाए गए। दिनभर हिन्दू नववर्ष की बधाई देने का सिलसिला जारी रहा।

#### अभाविप ने किया भारत माता की आरती का आयोजन

हिंदू नववर्ष पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने गुरूवार की शाम को शहर के जय स्तंभ चौक पर भारत माता की भव्य आरती का आयोजन किया। भारत माता की आरती के दौरान जय स्तंभ क्षेत्र का पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस मौके पर वक्ताओ ने उपस्थित लोगो को भारतीय नववर्ष के बारे में बताते हुए सभी नव वर्ष की शुभकामनाए प्रदान की।

## काल्यो कूद पड्यो मेले, साईकल पंक्चर कर ल्यायो...




**श्योपुर।** शहर के नागदा रोड स्थित पीएम श्री शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 02 में बीते रोज विद्यालय का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्कूली छात्र छात्राओं के द्वारा विभिन्न गीतों पर सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी,जिसे उपस्थित लोगो ने खूब सराहा। इस दौरान राजस्थानी गीत काल्यो कूद पडयो मेले में, साईकल पंक्चर कर ल्याओ पर छात्राओं ने दी नृत्य की प्रस्तुति ने खूब तालिया बटोरी। वहीं मोबाइल पर नाटक की प्रस्तुति भी खूब सराही गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संकुल प्राचार्य भरत सिंह जाट तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रभारी बीईओ आनंद दीक्षित, स्कूल प्रभारी कृष्ण मुरारी नामदेव, पीएम श्री हाईस्कूल बडौदाराम के प्राचार्य बालचंद माहौर, पूर्व प्रधानाध्यापक पूरनचंद रेगर, पूर्व स्कूल प्रभारी राजकुमार गुप्ता, सहित जन शिक्षक और अन्य शिक्षक भी मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। इसलिए समय समय स्कूलों में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित होते रहने चाहिए। कार्यक्रम में अतिथियों ने प्रतिभा दिखाने वाले स्कूली छात्र छात्राओ को पुरस्कार भी प्रदान किया। संचालन सत्यवान सिंह दादौरिया ने किया,जबकि आभार प्रदर्शन विद्यालय प्रभारी कृष्ण मुरारी नामदेव ने किया।

## बड़ौदा किले में राजसी ठाठ-बाट से सजेगा गणगौर महोत्सव, 21 को भव्य आयोजन

मध्य प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा और शाही विरासत का प्रतीक गणगौर महोत्सव इस वर्ष भी श्योपुर-बड़ौदा राजपरिवार की ओर से ऐतिहासिक किला बड़ौदा में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। 21 मार्च 2026, शनिवार को होने वाले इस आयोजन को लेकर किला परिसर में तैयारियां जोरों पर हैं और पूरे नगर में उत्सव का वातावरण बन चुका है।

राजसी ठाठ-बाट और पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुरूप आयोजित होने वाला यह महोत्सव वर्षों पुरानी परंपरा का जीवंत उदाहरण है। बड़ौदा किले में गणगौर उत्सव मनाने की परंपरा लंबे समय से चली आ रही है, जिसे राजपरिवार द्वारा निरंतर संरक्षित और संवर्धित किया जा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान किला परिसर में देवी गणगौर की विधि-विधानपूर्वक स्थापना कर पूजा-अर्चना की जाएगी। इस अवसर पर नगर एवं आसपास के क्षेत्रों की महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित होकर बड़ी संख्या में भाग



लेंगी और गणगौर के पारंपरिक गीतों के साथ नृत्य-गान प्रस्तुत करेंगी।

महोत्सव में श्योपुर-बड़ौदा राजपरिवार की रानी पूर्णिमा कुमारी की विशेष उपस्थिति रहेगी, जो इस आयोजन की गरिमा को और अधिक बढ़ाएगी। साथ ही राजकुमारी तनुश्री गौड़ की सहभागिता भी आकर्षण का केंद्र रहेगी।

जानकारी के अनुसार, कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 1 बजे से होगी, जो दिनभर विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के साथ चलता रहेगा। किला परिसर को पारंपरिक सजावट, और राजस्थानी कला के प्रतीकों से सजाया जा रहा है, जिससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं और अतिथियों को शाही वातावरण का अनुभव होगा ।

उल्लेखनीय है कि गणगौर पर्व देवी गौरी (माता पार्वती) को समर्पित है, जिसे विशेष रूप से महिलाओं द्वारा सौभाग्य, सुख-समृद्धि और परिवार की मंगलकामना के लिए मनाया जाता है।

# दाऊदी बोहरा समुदाय ने मनाया ईदुल फितर, चांद दिखा तो आज होगी ईद

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

रमजान माह के 30 रोजे पूरे होने पर दाऊदी बोहरा समाज ने गुरुवार को ईदुल फितर त्यौहार हर्षोल्लास से मनाया। एक दूसरे को गले लगा कर ईद की मुबारकबाद दी गई और सेवइयां खाकर खुशियां मनाई इस अवसर पर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता कार्यकर्ता व समाजसेवियों ने मस्जिद में पहुंचकर बोहरा समाज को ईद की मुबारकबाद दी।

सुबह 6:00 के करीब समाज के धर्म गुरु के प्रतिनिधि के रूप में श्योपुर में नियुक्त आमिल साहब ने वार्ड क्रमांक 4 बोहरा बस्ती में स्थित मस्जिद में ईदुल फितर की नमाज पढ़ाई महिला और पुरुषों द्वारा एक साथ पढ़ी गई इस नमाज के दौरान मस्जिद को सजाने का काम भी समाज के युवाओं ने किया था। नमाज के बाद मुंबई से बोहरा समाज के धर्मगुरु मौलाना सैयदना बुरहानुद्दीन साहब द्वारा विश्व के लिए अमन शांति की दुआ की गई इसके जिसका प्रसारण मस्जिद में टीवी लगाकर किया गया था नमाज के बाद सभी ने एक दूसरे को गले लगा कर मुबारकबाद दी और मीठा शरबत पीकर उल्लास बनाया। इस दौरान विभिन्न राजनेताओं व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मस्जिद और जमातखाना में पहुंचकर बोहरा समाज को ईद की मुबारकबाद दी।

#### कब कितने बजे होगी ईद की नमाज

| मस्जिद का नाम। | समय |
| --- | --- |
| ईदगाह | सुबह 9:30 बजे |
| जामा मस्जिद | सुबह 8:30 बजे |
| मस्जिद कुमेदान | सुबह 8:45 बजे |
| मस्जिद बड़ा इमामबाड़ा | सुबह 8:00 बजे |
| मस्जिद खान सैयद किला | सुबह 8:15 बजे |
| मस्जिद बस स्टेण्ड के पीछे | सुबह 8:00 बजे |
| मस्जिद सलापुरा | सुबह 8:30 बजे |
| मस्जिद नारनोल किला | सुबह 9:15 बजे |





#### सबके साथ मनाएं ईद इसलिए जरूरतमंदों के घर पहुंचाई किट

ईद का खुशियां किसी खर के द्वार से गरीबी के कारण न लोट जाए कोई परिवार ईद मनाने से वंचित न रह जाए इसकी चिंता करते हुए जमीयत उलमा ए हिंद ने ईद से पहले ईद किट जरूरतमंदों के घरों पर पहुंचाने का काम गुरुवार को कर दिया है। यह जानकारी जमीयत के जिलाध्यक्ष हाफिज आदिल कुरैशी ने प्रेस नोट जारी कर दी है। उन्होने आगे बताया कि जुमेरात (गुरुवार) को जमीयत उलेमा जिला श्योपुर की तरफ से हर साल की तरह इस साल भी ईद के मौके पर जरूरतमंद और मुस्तहिक लोगों के घरों में तक ईद पर काम आने वाले सामान की किट भिजवाने का काम कर दिया है। ताकि जरूरतमंद भी ईद के मौके पर खुशियों में शामिल हो सकें। यह आयोजन मौलाना मोहम्मद अहमद सदर जमिअत उलेमा मध्य प्रदेश की सरपरस्ती में एवं उनकी सहमति से किया गया है इस काम में जमीअत के जिम्मेदार हाफिज मोहम्मद शाहनवाज, हाफिज मोहम्मद मकसूद, मौलाना कमरुद्दीन, मुफ्ती मोहम्मद शाह हुसैन, मुफ्ती मोहम्मद मुंतज़िर, मौलाना जावेद, मौलाना मोहम्मद सादिक, हाफिज मोहम्मद हनीफ, काजी असदुल्लाह कुरेशी, मौलाना मोहम्मद इस्लाम, हाफिज मोहम्मद शहजाद, कारी मोहम्मद सादिक, अशफाक भाई और तमाम इमाम और उलेमा हजरत भी इस अमल में सहयोग किया।

#### चांद दिखा तो आज मनाई जाएगी ईद

मुस्लिम समाज ईद का त्योहार चांद दिखाई देने पर शुक्रवार को मनाएगा। अगर गुरुवार को आसमान पर चांद दिखाई नहीं दिया तो ईद की नमाज शनिवार को अदा की जाएगी अंजुमन सदर अकरम खान ने बताया कि ईदगाह को नमाज के लिए साफ सफाई कर तैयार कर दिया है। नमाज पढ़ने आने वाले सभी नमाजियों को अच्छी सुविधा मिले इसके प्रयास करवा रहे हैं।

### भव्यता से मनाई गई गौतम जयंती, हुए कई कार्यक्रम

# गाजे-बाजे के साथ निकाली महर्षि गौतम की शोभायात्रा, गूंजे जयकारे, झूमे समाजजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज ने गुरूवार को महर्षि गौतम जी की जयंती भव्यता के साथ मनाई। इस मौके पर शहर में महर्षि गौतम जी की शोभायात्रा भव्यता के साथ निकाली गई। गाजेबाजे के साथ निकाली गई शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरी। शोभायात्रा का कई स्थानों पर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में समाजीय बंधु शामिल हुए।

गुरूवार की सुबह किला रोड स्थित गौतम धर्मशाला में महर्षि गौतम जी का सामूहिक पूजन और हवन किया गया, जिसमें समाजीय बंधु बडी संख्या में शामिल हुए, इसके बाद सायंकालीन समय में महर्षि गौतम जी की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा किला रोड स्थित गौतम धर्मशाला से शुरू हुई। गाजेबाजे के साथ निकाली इस शोभायात्रा में एक रथनुमा वाहन में महर्षि गौतम जी विराजित थे, समाजीय बंधु महर्षि गौतम जी के जयकारे लगाते चल रहे थे, तो महिलाएं मंगल गीत गाती चल रही थी। जबकि समाजीय युवा नाचते और झूमते चल रहे थे। शोभायात्रा ब्राह्मण पाडा, भोई मोहल्ला, मालियों का मंदिर, टोडी गणेश बाजार, मैन बाजार होते हुए जयस्तंभ चौक पर पहुंची। मार्ग में जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत हुआ। जयस्तंभ चौक से यह शोभायात्रा वापस मुख्य बाजार होते हुए गौतम धर्मशाला पहुंची। जहां विधिवत आरती के साथ शोभायात्रा का समापन हुआ। इसके बाद सामूहिक सहभोज का आयोजन हुआ, जिसमें समाजीय बंधुओं ने प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम के अंत में गौतम ब्राह्मण समाज श्योपुर ट्रस्ट कार्यकारिणी अध्यक्ष शंभूदयाल शर्मा पंकज, गौतम जयंती संयोजक जितेन्द्र शर्मा, सह संयोजक एलएन शर्मा, नारायण शर्मा सहित अन्य कई पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में भागीदारी करने वाले समाजीय बंधुओं के प्रति आभार व्यक्त किया।




#### पहली बार जिलेभर के समाजीय बंधुओं ने की भागीदारी

महर्षि गौतम जी की शोभायात्रा में इस बार शहर के समाजीय बंधुओ के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के समाजीय बंधुओ की भी सहभागिता रही। दरअसल ट्रस्ट कार्यकारिणी के द्वारा इस दफा पहली बार ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले समाजीय बंधुओ को इस समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रण दिया गया था। जिसके चलते इस बार शोभायात्रा और सहभोज के दौरान ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले समाजीय बंधुओ की उपस्थिति नजर आई।



#### गौ सेवा धाम में मनाया महर्षि गौतम का प्रकट दिवस

अंतरराष्ट्रीय गुर्जर गौड ब्राह्मण महिला महासभा द्वारा बायपास रोड स्थित गौ सेवा धाम मे महर्षि गौतम जी का प्रकट दिवस मनाया गया। महासभा की अध्यक्ष प्रभा गौतम की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में जुटी समाजीय महिलाओ ने सबसे पहले महर्षि जी का पूजन किया तत्पश्चात गौ माता का पूजन कर उनको चारा व गुड खिलाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया एवं साथ ही महिलाओं द्वारा गणगौर के गानों पर डांस एवं चेयर रेस,बैडमिंटन आदि कार्यक्रम रखे गए। साथही गर्मी में पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए पानी के सकारे भी लगाए। इस अवसर पर उपाध्यक्ष ममता गौतम, कोषाध्यक्ष लीला गौतम, निर्मला गौतम, पुष्पा शर्मा, राधा यादुराज, राधा गौतम, मंजू गौतम, संध्या गौतम, प्रिया गौतम, अंजली गौतम, सीमा गौतम, प्रीति गौतम आदि महिलाएं मौजूद रही।

#### गांधी पार्क पर सर्व ब्राह्मण महासभा ने किया स्वागत

महर्षि गौतम जी की शोभायात्रा का शहर के गांधी पार्क पर सर्व ब्राह्मण महासभा की श्योपुर जिला इकाई ने स्वागत किया। इस मौके पर सर्व ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष रामबाबू शर्मा, महामंत्री कृष्णकांत उपाध्याय, कोषाध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा, सहित अन्य कई पदाधिकारी व समाजीय लोग मौजूद थे।

# 8 माह गुजरने के बाद भी तहसीलदार ने नहीं किया एसडीएम के आदेश पर अमल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

एसडीएम द्वारा दिए गए निर्देश की की अवहेलना तहसीलदार द्वारा की जाए ऐसा संभव नहीं है लेकिन श्योपुर में ऐसा हो रहा है। एसडीएम द्वारा 100 बीघा भूमि के फर्जीवाड़ा से जुड़ी शिकायत की जांच कर प्रतिवेदन भेजे जाने के एसडीएम के निर्देश की 8 माह बीतने के बाद भी अमल नहीं हुआ है। आवेदक हनुमान सिंह कुशवाह द्वारा की गई शिकायत पर एडीएम ने तहसीलदार को पत्र लिखकर उल्लेख किया था कि कैलाश निवासी सब्जी मण्डी गली बोरखेड़ा कोटा एवं ओमप्रकाश पुत्र शिवराज निवासी नागदा की डी अन्ता जिला कोटा के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के अनुसार एसडीएम ने लिखा कि ग्राम मानपुर की भूमि सर्वे कमांक 133/1, 133/2. 133/3 रकया 100 बीघा के संबंध में तहसील श्योपुर के राजस्व निरीक्षक एवं पटवारियों का दल गठन करते हुए जांच प्रतिवेदन स्पष्ट अभिमत के चाहा गया है। आवेदन पत्र व सहपत्रों के पत्र के संलग्न कर आपकी ओर भेजी जा रही है। आप उक्त पत्र के क्रम में ग्राम मानपुर की भूमि सर्वे क्रमांक 133/1, 133/2 133/3 रकवा 100 बीघा के संबंध में तहसील श्योपुर के राजस्व निरीक्षक एवं पटवारियों का दल गठन करते हुए जांच प्रतिवेदन स्पष्ट अभिमत के शीघ्र इस कार्यालय में भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।

## रास्ते में भरा कीचड़, कैसे जाएंगे ईद की नमाज पढ़ने?

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

ग्राम बगवाज के लोगों को ईद की नमाज पढ़ने ईदगाह जाने के लिए कीचड़ पार करना पड़ेगा। दरअसल बगवाज पुलिया पर नाले से पानी निकासी नहीं होने के कारण हमेशा पानी भरा रहता है हालांकि के ग्रामीणों ने ट्रैक्टर से उक्त कीचड को साफ करने का प्रयास किया है और भरा हुआ पानी निकल भी दिया है लेकिन फिर भी कीचड़ भरा रह जाने से लोगों को ईद की नमाज के वक्त निकलते समय इस समस्या से दोचार होना पड़ेगा। जिससे कपड़ों पर गंदगी लगना लाजमी है।

हाफिज जब्बार ने बताया कि प्रधानमंत्री सड़क



बनने के कारण रोड नीचा हो गया है जिस पर हमेशा पानी भरा रहता है हमने सरपंच से कई बार कहा है कि इसका एस्टीमेट बनाकर रोड की ऊंचाई बढ़ाए लेकिन बात नहीं सुनी गई। बारिश के समय तो कमर कमर पानी में कूद कर गांव में जाना पड़ता है।

## खबर संक्षेप

### हिंदू नव वर्ष का धूमधाम से किया आयोजन

**अशोकनगर।** शहर में और जिले में हिंदू नव वर्ष का आयोजन आज बड़े पैमाने पर होगा पूरे शहर में केसरिया पटक लगाई गई है एक दूसरे को शुभकामनाएं दी । इसके पूरे दिन तैयारी शहर में चलती रही। पुजारी किशन लाल मिश्रा के सानिध्य में मनाया जा रहा है गुड़ी पड़वा नव संवत्सर महा पर्व उन्होंने बताया कि इस वर्ष राजा पद श्री गुरुदेव बृहस्पति को प्राप्त हुआ एवं मंत्री पद मंगल देव को प्राप्त हुआ है। कुल मिलाकर सात पद शुभ ग्रहों को प्राप्त है एवं तीन पद अशुभ ग्रहों को प्राप्त है। नवरात्रियों की कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त दिनांक 19 मार्च को प्रातः 6: 00 बजे से 7 30 बजे तक एवं दोपहर 11: 30 बजे से 1: 30 बजे तक अभिजित मुहूर्त एवं लाभ घड़ी में की जावेगी इस वर्ष माता रानी गुरुवार पढ़ने से पालकी में विराजमान होकर आ रही है जो की शुभ संकेत देती हैं एवं इनका समापन 27 मार्च 2026 शुक्रवार को विसर्जन हाथी की सवारी से होगा यह भी शुभ संकेत है। 19 मार्च गुरुवार को सर्वार्थ सिद्धि योग बना हुआ है ऐसे योग में संबत 2082 का समापन होकर संवत 2083 का प्रारंभ हो रहा है नव संवत्सर में घर को साफ स्वच्छ करके साफ स्वच्छ वस्त्र धारण करके गंगा जलादि का सिंचन करके नव संवत्सर का फल श्रवण करना चाहिए एवं आयुर्वेद अनुसार इस समय मौसम बदलता है।

### जमीन विवाद में पिस्टल तानने का वीडियो वायरल

**अशोकनगर।** शहर के पछाड़ीखेड़ा क्षेत्र में जमीन विवाद के दौरान पिस्टल तानने का मामला सामने आया है। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह विवाद एक ही परिवार के सदस्यों के बीच चल रहे जमीन के मामले को लेकर हुआ। यह घटना सोमवार दोपहर करीब 3:30 बजे हुई जब सलूजा टावर के सामने सड़क पार स्थित दूसरे व्यक्ति की जमीन की राजस्व विभाग द्वारा नप्ती की जा रही थी। इसी दौरान पड़ोसी होने के नाते सोनी कॉलोनी निवासी 25 वर्षीय शिवा तिवारी अपने चाचा श्रीकांत त्रिपाठी के साथ मौके पर पहुंचे। फरियादी शिवा तिवारी के अनुसार, उनके चाचा श्रीकांत त्रिपाठी ने पहले लोहे की रॉड से हमला किया, जिससे उनके हाथ में चोट आई। बीच-बचाव के दौरान स्वदेश जैन ने भी मारपीट की। इसी दौरान श्रीकांत त्रिपाठी ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल निकालकर लहराई और फायर करने का प्रयास किया। पिस्टल के बट से वार करने पर फरियादी के कंधे पर चोट आई है।

### अभियान के तहत होगा शिविरों का आयोजन

**अशोकनगर।** शासन के निर्देशानुसार जिले में संकल्प से समाधान अभियान के तहत कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशन में विकासखण्ड स्तरीय शिविरों का आयोजन किया गया है। विकासखण्ड मुंगावली अंतर्गत 19 मार्च को नगर परिषद पिपरई, विकासखण्ड चंदेरी में 23 मार्च को नगरपालिका चंदेरी में तथा विकासखण्ड अशोकनगर में 26 मार्च को नगर परिषद शाढौरा में आयोजित किये गये है।

## बोरवेल भी सूखे, ग्रामीणों को करना पड़ रहा है पानी की समस्या का सामना

# ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की किल्लत, मोहरी राय की टंकी तो बनी लेकिन चालू नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





जिले में अभी ग्रीष्म ऋतु की शुरूआत ही हुई है और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की किल्लत सामने आने लगी है। जनपद पंचायत अशोकनगर के ग्राम पंचायत मोहरी राय और मुंगावली जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत सागर में जब मौके पर जाकर जानकारी ली गई तब सामने आया कि ग्राम पंचायतों में पानी की समस्या ग्रामीणों को अभी से होने लगी है। वहीं ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों को जो सुविधाएं प्रदान की जा रही है। उन सुविधाओं के बदले में ग्राम पंचायतों को जो टेक्स मिलना चाहिए वह टेक्स आम जनों द्वारा नहीं दिया जा रहा है।

जनपद पंचायत अशोकनगर की ग्राम पचांयत मोहरी राय अशोकनगर शहर के नजदीक है यहां का विकास जिस रफ्तार से हुआ है उस रफ्तार से ग्राम पंचायत को जो सुविधाएं मिलनो चाहिए जो टेक्स मिलना चाहिए। ग्राम पंचायत के सरपंच दिलीप धाकड़ से जब चर्चा की गई तब उन्होंने बताया कि पंचायत के क्षेत्र में पेट्रोल पंप, विद्यालय, मैरिज गार्डन, कृषि उपज मंडी, खेल मैदान, पुलिस आवासीय क्वार्टर एवं पशु हाट यहां पर लगती है। परन्तु यहां से ग्राम पंचायत को कोई भी टेक्स की राशि नहीं मिलती है। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत में पशु हाट को लेकर जिला पंचायत के सदस्यों ने नाराजगी भी व्यक्त की थी और उक्त पशुओं से मिलने वाली शुल्क राशि ग्राम पंचायत को दिलाए जाने की बात सामने आने के बाद कुछ नहीं हुआ। सारी शासकीय योजनाओं के लाभ के एवज में मांत्र 1 लाख रूपए के करीब टेक्स प्राप्त होता है।

### ग्राम पंचायत सागर में पानी की किल्लत शुरू

जनपद पंचायत मुगावली की ग्राम पंचायत सागर में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा प्रधानमंत्री नल जल योजना के तहत घर घर पानी पहुंचाने की योजना बनाई गई है, घर घर तक नल कनेक्शन हुए है परन्तु उनमें आज दिनांक तक ग्रामीणों को पानी नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि वह गांव से 1 किलोमीटर दूर और खेतों में लगे बोरवेल व कुओं से पानी भरकर लाते हैं। यहां विभाग द्वारा 4 बोरवेल कराए गए चारों में पानी नहीं होने के कारण ग्रामीण परेशान हो रहे हैं। वह 1 किलोमीटर दूर खेतों में बने कुए और बोरवेल से बिना टेस्टिंग किया हुआ पानी पीने के लिए मजबूर हैं। यहां के सरपंच द्वारा अपने खेत के टयूबेल से गांव तक पानी 15 वर्षों से पहुंचाया जाता है जिससे ग्रामीणों को पानी की पूर्ति होती है। यहां क स्कूल में पीएचई द्वारा नोडल एजेंसी द्वारा वॉस बेसन लगाए गए हैं परन्तु इन नल की टोटींयों में पीने का पानी आज तक नहीं पहुंचा है यह पूरे गांव की गाथा है। पानी की समस्या के संबंध में जब लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अधिकारी को ग्राम पंचायत मोहरी राय और ग्राम पंचायत सागर की यथा स्थिति से अवगत कराया तब उन्होंने कहा कि हम टीम को वहां पर पहुंचाकर जांच करवाएगें। उन्हें बताया गया है ग्रामीण बिना टेस्टिंग के बोरवेल से पानी भरकर पी रहे हैं यह पानी कितनी गुणवत्तापूर्ण है इसकी जांच नहीं हुई है, इस पर उन्होंने तुंरत निर्देशित किया कि वह ग्राम पंचायत सागर में टीम को पहुंचा कर जिन बोरवेलों से ग्रामीण पानी पी रहे हैं वहां का सेंपल लेकर पानी की जांच की जाएगी। वहीं ग्राम पंचायत मोहरी राय के सरपंच दिलीप धाकड़ ने कहा कि हमारी पंचायत में विभाग द्वारा हेंडपंप में दवाई तो डाली गई है परन्तु पानी का सेंपल नहीं ले गए न ही हमें इसके बारे में कोई जानकारी है।

### 9 वर्ष पहले बनी पानी की टंकी अभी तक नहीं हुई चालू

यह पंचायत आदिवासी बाहुल्य पंचायत है, मोहरी के शंकरपुर में सबसे अधिक आदिवासी निवासरत हैं। यहां जो लोग स्वाथ्स्य यात्रिकी विभाग द्वारा प्रधानमंत्री नलजल योजना के तहत पानी की टंकी का निर्माण शंकरपुर में कराया गया है। उक्त टंकी निर्माण होने के बाद से आज तक चालू नहीं हुई है जिसे 9 वर्ष बने हुए हो गए हैं, पंचायत द्वारा कई पत्र लिखे गए परन्तु ठेकेदार कंपनी और नोडल एजेंसी एलएनटी कंपनी द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिससे कि निवासरत 1 हजार से अधिक परिवार पानी के लिए परेशान हो रहे है। उन्होंने कहा कि यहां के ग्रामीण नगरपालिका से पानी के टेंकर खरीदकर अपनी जल आपूर्ति करते हैं। परन्तु जो गरीब और मध्यम वर्ग का टपका है वह पानी के लिए परेशान हो रहा है जिसके लिए ग्राम पंचायत द्वारा टेंकरों के माध्यम से घर घर पानी पहुचांने की योजना बनाई जा रही है।

## 2 आरोपी गिरफ्तार, मशरूका बरामद

# दिनारा थाना पुलिस ने किया परचून की दुकान में हुई चोरी का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दिनारा



दिनारा पुलिस द्वारा गत 15.03.26 को फरियादी लक्ष्मण प्रसाद कुशवाह पुत्र स्व० किशन लाल कुशवाह निवासी पुराना दिनारा ने रिपोर्ट किया कि मैं अशोक होटल पिछोर रोड दिनारा पर परचून की दुकान चलाता हूँ जिसे मैं रोजाना सुबह 08.00 बजे खोलता हूँ एंव शाम 07.00 बजे बंद करके अपने घर चला जाता हूँ, दिनांक 14.03.2026 को शाम 07.00 बजे मैं अपनी दुकान के शटर का ताला लगाकर दुकान बंद करके अपने घर पुराना दिनारा चला गया था एवं दिनाक 15.03.2026 को सुबह 08.00 बजे करीबन जब मैं अपनी दुकान पर आया तो देखा कि मेरी दुकान के शटर में ताला नहीं लगा था एवं शटर का लोक खुला हुआ था तब मैने अपनी दुकान का शटर खोला एवं देखा तो मेरी दुकान का सामान बिखरा हुआ डला था तो मैने आस पास के लोगो को बुलाया उसके बाद मैने अपना सामान चैक किया तो मेरी दुकान मे से परचून की सौदा एंव गल्ले में पडे हुए रूपये नहीं थे कोई अज्ञात चोर रात्री में मेरी दुकान के सटर का ताला तोडकर मेरी दुकान में से उक्त सामान कीमती करीबन 35000 रूपये को चोरी कर ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर से अप क्रं. 48/26 धारा 331 (4), 305 (ए)) बीएनएस पंजीबध्द किया गया पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में एवं अति० पुलिस अधीक्षक संजीव मुले, एसडीओपी करैरा आयुष जांखड के नेतृत्व में थाना प्रभारी रविन्द्र सिह कुशवाह को दुकान मे चोरी करने बाले आरोपियों के संबंध मे सूचना मिली जो आज दिनांक 18.03.26 को मुखबिर द्वारा सूचना पर से दुकान में चोरी करने वाले आरोपियों पकडा गया। पूछताछ के दौरान आरोपियो ने अपना नाम अनिल पुत्र मुलायम वंशकार उम्र 30 साल निवासी ग्राम रमगढा थाना करैरा जिला शिवपुरी एवं अजय उर्फ यसवंत पुत्र मानसिंह रावत उम्र 19 साल निवासी ग्राम आंढर थाना करैरा वताया । उक्त आरोपियों की निशानदेही पर चोरी किये गया सामान कीमती लगभग 35000 रुपये का वरामद किया गया। उक्त आरोपियो को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय मे पेश किया गया माननीय न्यायालय द्वारा आरोपियो को जेल भेजा गया। उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही मे दिनारा थाना प्रभारी रविन्द्र सिह कुशवाह, अ२र सुल्तान सिह, प्र.आर. अंजीत तिवारी, प्र.आर. घनश्याम परमार, आर. पवन यादव, आर. राजेन्द्र कुशवाह, आर. सुरेन्द्र गुर्जर, आर. नंदकिशोर, आर. शिवम विश्वकर्मा, आर. प्रदीप कौरव, सैनिक सुरेन्द्र यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# कुएं में गिरी गाय को गोसेवकों ने रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



ग्राम बारधा में कुएं में गिरी गाय को गौसेवा दल एवं डायल 112 की टीम ने 1 घंटे रेस्क्यू ऑपरेशन चला कर सुरक्षित कुएं से बाहर निकाला और उपचार किया। गौ सेवा दल सदस्य राजेंद्र यादव ने बताया स्थानीय ग्रामीणों से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम वारधा के पास एक कुएं में एक गाय गिर गई है। सूचना मिलते ही गौसेवा दल तत्काल मौके पर पहुंचा और बीना डायल 112 की सहायता से संयुक्त प्रयास कर गाय को 1 घंटे के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद सुरक्षित कुएं से बाहर निकाला गया एवं उपचार किया गया। रेस्क्यू करने वालों में गौ सेवा दल सदस्य राजेंद्र यादव, शुभम सेन, रुपेश यादव, हरि चौरसिया, नैतिक सेन, अभय साहू, उमाशंकर साहू, नितिन कुशवाहा, कृष्णा राजपूत एवं डायल 112 से आरक्षक दीपेंद्र मौर्य पायलट अजय एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# रंगोली बनाकर हिंदू नववर्ष की दी शुभकामनाएं

**बीना।** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नव संवत्सर के पावन पर्व पर अथक पथ संग्रहालय द्वारा नगर पालिका के पास शुभकामना संदेश देती हुई रंगोली बनाई गई। रंगोली राम शर्मा, रितिका तिवारी, सुरभि मोंघे, रोहित तिवारी, प्रवीण शर्मा, भूमिका, भावेश मोंघे, श्वेता रैकवार के द्वारा बनाई गई। राम शर्मा ने बताया इस दिन ब्रहमा द्वारा सृष्टि की स्थापना की गई थी। नवरात्रि का प्रथम दिवस इसी दिन से ही माना जाता है। युधिष्ठिर का राज्याभिषेक, गुरू अंगद देव का जन्मदिवस, डॉक्टर हेडगेवार का जन्म, वरुण अवतार झूलेलाल जन्मदिवस भी इसी दिन माना जाता है। नया वर्ष मानने के विषय में और भी कारण है कि प्रकृति में नविता (नवीनता) आ जाती है। वातावरण में बदलाव आ जाता है, पेड़ों में नई पत्ती आती है, घरों में नया अनाज आ जाता है। इस अवसर पर सैकड़ों लोगों ने रंगोली का अवलोकन कर एक दूसरे को तिलक लगाकर नए वर्ष की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर हरविंदर सिंह, प्रेम श्रीवास, शिवकुमार चौबे, दादा भाई चौबे, प्रमोद सराफ, छोटू राजपूत, दीपक जैन, एलएन दुबे सहित स्वयंसेवक एवं आचार्य बंधु उपस्थित रहे।




### नेत्र शिविर में 145 मरीजों का हुआ नेत्र परीक्षण

**बीना।** सिविलअस्पताल में नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सदगुरुदेव नेत्र चिकित्सालय नेत्र चिकित्सक डॉ सुरेंद्र एवं सिविल अस्पताल नेत्र चिकित्सा सहायक प्रहलाद सिंह कुशवाहा ने शिविर में आए लोगों का नेत्र परीक्षण किया। वहीं सेंटर प्रभारी डॉ दिनेश वर्मा, कैंप प्रभारी कल्पेश शर्मा, कॉउंसलर रणवीर सिंह बघेल, लखन कुशवाहा ने बीपी एवं शुगर टेस्ट किया। शिविर सहयोगी सचिन भास्कर एवं वरिष्ठ समाज सेवी सुनील बाबू पिंगले ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि शिविर के दौरान 145 मरीजों के नेत्र परीक्षण कर उन्हें नेत्र रोगों से बचाव के तरीके बतलाए गए। जिसमें से 41 लोगों को निशुल्क दवा का वितरण किया गया। जितेन्द्र जादौन ने बीपी एवं शुगर की जांच की। 24 मरीजों को चश्मा वितरित किए गए एवं 29 मरीजों को चश्मे के नम्बर निकाल कर दिए गए। शिविर बीना के जनपद सदस्य पीपी नायक की उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस दौरान पीपी नायक ने कहा सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट द्वारा प्रति वर्ष 52 हजार से अधिक मोतिया बिन्द के ऑपरेशन किए जाते है। ऑपरेशन ट्रस्ट के रवि उपाध्याय के मार्गदर्शन में किए जाते है, जो कि सराहनीय है। इस अवसर पर अस्पताल के समस्त स्टाफ ने अपना सहयोग प्रदान किया।



# मनोबल सत्र-2026: विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन के लिए किया प्रेरित

**बीना।** उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित मनोबल सत्रझ2026 (तनाव प्रबंधन एवं मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम) का ऑनलाइन आयोजन 13, 14, 16 एवं 17 मार्च को प्रतिदिन अपराह्न 3 से 4 बजे तक एमएस टीम्स के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा परीक्षा संबंधी तनाव को कम करना था। 13 मार्च को प्रथम सत्र में डॉ. तनय जोशी, सहायक प्राध्यापक, मनोविज्ञान विभाग ने शैक्षणिक एवं मनोवैज्ञानिक तनाव से निपटने की रणनीतियां विषय पर विद्यार्थियों को उपयोगी जानकारी दी। 14 मार्च को द्वितीय सत्र में मनोज कुमार शर्मा आईपीएस, पुलिस महानिरीक्षक, महाराष्ट्र ने बिना तनाव के अपने लक्ष्य को कैसे प्राप्त करें विषय पर प्रेरक व्याख्यान दिया। 16 मार्च को सत्य साईं सेवा संगठन, मध्यप्रदेश द्वारा ध्यान सत्र आयोजित किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को ध्यान और एकाग्रता के माध्यम से मानसिक शांति प्राप्त करने के उपाय बताए गए। 17 मार्च को अंतिम सत्र में डॉ. रितु नंदा, मनोवैज्ञानिक, सागर ग्रुप, भोपाल ने सामाजिक तनाव, जीवन कौशल एवं भावनात्मक संतुलन विषय पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।



इसमें महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रश्मि जैन ने कहा कि वर्तमान समय में विद्यार्थियों के लिए मानसिक रूप से सशक्त होना अत्यंत आवश्यक है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास से आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। प्रभारी डॉ. हरिशंकर सेन ने बताया कि ऑनलाइन आयोजित यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को समझने का अवसर मिला। इसमें प्रकाश चंद्र, डॉ महेंद्र श्रीवास्तव, डॉ. विशाल मिश्रा, डॉ. दिनेश राय, डॉ. आशीष गुप्ता, प्रशांत कुशवाहा, अमन आर्य, नवीन नामदेव, नेहा नामदेव, मनीता ठाकुर, आरती ठाकुर, कीर्ति ठाकुर, मृणालिनी मिश्रा, सत्यम कुर्मी, डॉ. कृतिका रत्नाकर, अरुण उपाध्याय, राजू सिंह लोधी, नितेश शर्मा, मथारू सिंह सहित स्टाफ ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

# ठेकेदार की लापरवाही से आमजनता परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



सड़क ठेकेदार की लापरवाही मस्जिद वार्ड वासियों को परेशानी का सबब बना हुआ है। सड़क ठेकेदार से कई बार वार्ड वासियों ने नाले में डाले गए कंक्रीट को हटाने के बोलने के बाद भी उसे नहीं हटाया गया। जिससे गंदे पानी की निकासी नहीं होने के कारण लोग परेशान हो रहे है। वार्डवासी आदर्श राय ने बताया कि करीब 15 दिन पहले झांसी गेट स्थित ओवर ब्रिज के नीचे से अंडरब्रिज तक डामरीकरण सड़क निर्माण का कार्य ठेकेदार के द्वारा किया गया गया था। सड़क निर्माण के पूर्व सड़क की सफाई करते समय सड़क पर पड़ा एक कंक्रीट का बड़ा टुकड़ा जो सफाई के दौरान मस्जिद वार्ड से आने वाले नाले में गिर गया और बीच में फंस गया। जिसे ठेकेदार से कई बार हटाने के लिए कहा गया। लेकिन 15 दिन बीत जाने के बाद भी नाले में फंसे कंक्रीट को नहीं हटाया गया। जिससे नाले में भरे गंदे पानी के निकल नहीं पाने के कारण गंदे पानी से बदबू आने लगी है साथ ही नाले में भरे गंदे पानी में तेजी से मच्छर पनप रहे है। जिससे वार्ड वासी परेशान है।

## देश के मंत्रियों और सांसदों की मांग पूरा कर रहे हैं, किंतु संसदीय क्षेत्र की मांग कब पूरी होगी?

# गुना इटावा रेल लाइन पर ट्रेनों को चलाए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर







गुना शिवपुरी संसदीय क्षेत्र ट्रेनों के अभाव से जूझ रहा है, यह सर्व विदित है, जिसके लिए क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से लगातार क्षेत्र के नागरिक मांग कर रहे हैं और इन्हीं सब के आधार पर 15 दिसंबर 2025 को सांसद सिंधिया के द्वारा रेल मंत्री भारत सरकार अश्विनी वैष्णव को अशोकनगर गुना शिवपुरी के लिए विभिन्न ट्रेनों के लिये मांग पत्र प्रेषित किए गए थे और उसके पश्चात 26 फरवरी 2026 को रेल मंत्री भारत सरकार से व्यक्तिगत भेंट भी सांसद एवं केंद्रीय मंत्री सिंधिया के द्वारा की गई है, परंतु अभी तक मांगी गई ट्रेनों के समुचित आदेश रेल मंत्रालय द्वारा जारी नहीं हुए हैं।

गुना इटावा रेल लाइन जो कैलाश वासी माधवराव सिंधिया के द्वारा प्रारंभ कराई गई थी जिससे गुना शहर शिवपुरी ग्वालियर भिंड होते हुए इटावा तक सीधे तौर पर कनेक्ट हो गया है। इस रेल लाइन की कुल लंबाई 348 किलोमीटर और निर्माण लागत लगभग 700 करोड रुपए रेल मंत्रालय द्वारा खर्च की गई है। परंतु इस गुना इटावा रेल लाइन ट्रैक पर कोई ज्यादा ट्रेनों का संचालन नहीं हो रहा है, इस ट्रैक पर ट्रेन नंबर 19810 तथा 19811 कोटा इटावा ट्रेन तथा झांसी इटावा ट्रेन नंबर 11902 तथा 11903 का ही मात्र संचालन किया जा रहा है, और पूरा ट्रैक खाली है। इस ट्रैक पर ट्रेनों का संचालन किया जा सकता है, जिसमें भोपाल से पाटलिपुत्र को चलने वाली नई बंदे भारत ट्रेन एवं अन्य ट्रेन जो दिल्ली कानपुर लखनऊ के लिए संचालित हैं उनका या तो मार्ग परिवर्तित किया जा सकता है या नई ट्रेनों का संचालन भी इस मार्ग से किया जा सकता है। जिसके लिए क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री सिंधिया से क्षेत्र वासियों ने मांग रखी है।

इटावा एक बहुत बड़ा जंक्शन है जहां से विभिन्न जगहों पर सीधे तौर पर रेल ट्रैक उपलब्ध है, इटावा से लखनऊ, इटावा से कानपुर, इटावा से नई दिल्ली, सीधी कनेक्टिविटी है यदि गुना इटावा रेल लाइन के माध्यम से ट्रेनों का संचालन किया जाता है तो इससे लगभग 700 करोड़ रुपए की लागत से बनाए गए ट्रैक की उपयोगिता सिद्ध होने लगेगी और भविष्य में इस ट्रेक के डबल होने की संभावना भी प्रबल हो जाएगी।

### देश के विभिन्न मंत्रियों एवं सांसदों ने उठाई आवाज

जैसे गजेंद्र सिंह शेखावत पर्यटन मंत्री भारत सरकार राव इंद्रजीत सिंह राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार भारत सरकार, लता वानखेड़े सांसद सागर,आलोक शर्मा सांसद भोपाल, शिवराज सिंह चैहान केंद्रीय कृषि मंत्री भारत सरकार तथा प्रिया सरोज सांसद मछली शहर उत्तर प्रदेश एवं अन्य के द्वारा उठाई गई मांगों पर तुरंत संज्ञान लेकर रेल मंत्री भारत सरकार द्वारा तत्काल आदेश जारी कर दिए गए हैं और इन मंत्रियों एवं सांसदों के द्वारा मांगी गई महत्वपूर्ण ट्रेनों के विस्तार स्टॉपेज एवं नई ट्रेनों की मांगों की पूर्ति रेल मंत्री एवं रेल मंत्रालय द्वारा कर दी गई। क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया अपने मांग पत्रों एवं रेल मंत्री भारत सरकार से भेंट करने के पश्चात नई ट्रेनों को चलाए जाने, विस्तार कराए जाने एवं फेरे बढ़ाए जाने की मांगों को कब पूरा कराते हैं।